उपभोक्ताओं को राहत नहीं मुसीबत दे रही है सरकार : सुर्जेवाला

हिसार, 16 अक्तूबर (अरोड़ा): प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के बिलों में की गई बढ़ौतरी पर राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने कहा कि बिजली दरें बढ़ाकर हरियाणा के 55 लाख बिजली उपभोक्ताओं पर करोड़ों रुपए का बोझ डालने वाली भाजपा की खट्टर सरकार कई दिनों से राग अलाप रही थी कि जल्द ही उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जाएगी। मगर आयोग का जो आदेश आया है, वह तो खोदा पहाड़ और निकली चुहिया वाली कहावत जैसा है।

उपभोक्ताओं को 5 रुपए से लेकर 50 रुपए तक की राहत मिलेगी। सुर्जेवाला ने कहा कि हरियाणा बिजली नियामक आयोग ने 7 मई 2015 को आदेश जारी कर उपभोक्ताओं पर 1500 करोड़ रुपए का बोझ डाला था। उसके बाद फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमैंट के नाम पर 1 अप्रैल से 37 पैसे प्रति यूनिट और 1 जुलाई से 3 पैसे प्रति यूनिट और बोझ डाला था। आयोग ने जिस तरह बिजली दरें तय की थी और स्लैब सिस्टम घटाकर कम की थी, उससे 1500 करोड़ रुपए के बजाय कई गुना ज्यादा बोझ पड़ा है। यह सितम्बर में आए भारी भरकम बिजली बिलों से साबित होता है।